भारत प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड
मिनिरत्न श्रेणी-I, सीपीएसई
(भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्वाधीन)
Security Printing and Minting Corporation of India Limited
Miniratna Category-I, CPSE
(Wholly owned by Government of India)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

Azadi Ka Amrit Mahotsav

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
Chairman & Managing Director

संदेश

संगठन संस्कृति के संदर्भ में भ्रष्टाचार एक ऐसी कुप्रथा है जो शासन के लोकाचार के लिए हानिकारक है। निर्धारित मानकों से जानबूझकर या अज्ञानता के कारण किया गया किसी भी प्रकार का विचलन भ्रष्टाचार कहलाता है। भ्रष्टाचार मुक्त भारत की संकल्पना से इसके प्रति जागरूकता पैदा होगी, जो भ्रष्टाचार के उन्मूलन में सहायक सिद्ध होगी।

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि देश के कई अन्य सरकारी संगठनों के साथ एसपीएमसीआईएल में भी 30 अक्टूबर से 5 नवंबर, 2023 तक "सतर्कता जागरूकता सप्ताह -2023" मनाया जा रहा है।

सतर्कता जागरूकता का मुख्य उद्देश्य जनता और कर्मचारियों के बीच भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूकता पैदा करना है। भ्रष्टाचार आर्थिक विकास की दर को बाधित करता है, प्रतिस्पर्धा को विकृत करता है एवं समाज के नैतिक ढांचे को कमजोर बनाता है। भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए सभी भारतीयों को भ्रष्टाचार विरोधी प्रभावी तंत्र विकसित करने और लागू करने के लिए साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता है। भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई में समाज के सभी वर्गों की सक्रीय भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के सिद्धांतो का पालन करने की प्रतिज्ञा करते हैं।

एसपीएमसीआईएल का सतर्कता विभाग पहले से ही भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए कई महत्वपूर्ण और सराहनीय कदम उठा रहा है। मुझे आशा है कि "भ्रष्टाचार का विरोध करें; राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें" विषय को आत्मसात करते हुए जागरूकता सप्ताह-2023 के पूर्ण अनुपालन से सकारात्मक परिणाम होंगे।

मुझे यह जानकर भी खुशी हो रही है कि सतर्कता विभाग इस आयोजन के दौरान अपनी सूचनात्मक पत्रिका "सतर्कवाणी" के नए अंक का प्रकाशन करने जा रहा है।

अंत में, मैं सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 तथा पत्रिका के सफल प्रकाशन की शुभकामनाएं देता हूं।

(विजय रंजन सिंह)

16वीं मंजिल, जवाहर व्यापार भवन, जनपथ, नई दिल्ली–110001
16th Floor, Jawahar Vyapar Bhawan, Janpath, New Delhi - 110001
फोन. / Tel.: +91-11-23701220, 43582220, फैक्स / Fax :+91-11-43582276